# ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर,176039
# के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
# अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024
## भाग-1

1. **प्रस्तावना:-**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत घंगोट कलां में निम्नलिखित प्रधान व सचिव कार्यरत रहे :**

**प्रधान :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री यशपाल सिंह | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**पंचायत सचिव:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री योगराज | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार:-**

ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर के लेखों अवधि 01.04.22 से 31.03.24 के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है।

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 6.1 | अनुदानों का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 0.13 |
| 2 | 8.1 | आपूर्तिकर्ताओं से क्रय की गई निर्माण सामग्री के ट्रांजिट | 5.36 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | फॉर्म प्राप्त किये बिना अनियमित भुगतान करना | |
| 3 | 9.1 | पत्थर की खरीद में रिक्तियां (voids) की कटौती न करने के कारण अधिक व गलत भुगतान करना | 0.02 |
| 4 | 9.2 | औपचारिकताएं पूर्ण किए बिना निर्माण सामग्री का क्रय करना | 0.25 |
| 5 | 9.3 | प्रस्ताव, प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति प्रस्तुत न करने बारे | 3.24 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के लेखों के दौरान गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर कृत कार्यवाही से अवगत करवाने हेतु अधियाचना संख्या 693/2024 दिनांक 06.01.2025 के प्रत्युतर में सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा अवगत करवाया कि हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला द्वारा ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर का यह **प्रथम** अंकेक्षण है।

**भाग-2**

**2. वर्तमान अंकेक्षण :-**

ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री अमित कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक और श्री पुनीत कुमार (आर्टिकल सहायक) द्वारा दिनांक 06.01.2025 से 09.01.2025 तक ग्राम पंचायत घंगोट कलां के कार्यालय में किया गया। आय-व्यय की विस्तृत जांच हेतू मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व: स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया :-

| **वित्तीय वर्ष** | **आय** | **व्यय** |
|---|---|---|
| 2022-23 | 02/2023 | 11/2022 |
| 2023-24 | 01/2024 | 07/2023 |

***अस्वीकरण (Disclaimer) :-*** *इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना / अभिलेख के अपूर्ण / गलत*

*व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतू हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।*

**3. अंकेक्षण शुल्क :-**

ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क **₹6400.00** (14वें व 15वें वित्तायोग के अवधि 04/2023 से 03/2024 तक के ऑनलाईन ऑडिट के अंकेक्षण शुल्क सहित) आंका गया | अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट / मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित करने हेतू अंकेक्षण अधियाचना संख्या 702/2024 दिनांक 08/01/2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

**4. वित्तीय स्थिति:-**

सचिव, ग्राम पंचायत घंगोट कलां, द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 693/2024 दिनांक 06.01.2025 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार पंचायत के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 के लेखों की वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण **सलंग्न परिशिष्ट "1"** पर दिया गया है | ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बहियों अर्थात स्व: स्त्रोत व अनुदान (प्लानिंग) (Offline), स्वच्छ भारत मिशन (PFMS)(Online), राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार अभियान (आरजीएसए) (Offline), 15वें वित्तायोग (Online) व मनरेगा (Online) का रख-रखाव किया गया था।

**(1)(क) स्व: स्त्रोत व अनुदान :-**

ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक की स्वयं स्त्रोत की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित (₹) | कुल योग (2+3) (₹) | व्यय (₹) | अंतिम शेष (4-5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2022-23 | 990925.27 | 1649503.00 | 2640428.27 | 1574714.40 | 1065713.87 |
| 2023-24 | 1065713.87 | 1916315.00 | 2982028.87 | 1900299.18 | **1081729.69** |

**(ख) अनुदान :- (SBM + RGSA + MANREGA)**

ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के अनुदान की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित (₹) | कुल योग (2+3) (₹) | व्यय(₹) | अंतिम शेष (4-5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2022-23 | 0.00 | 1582992.38 | 1582992.38 | 1570621.38 | 12371.00 |
| 2023-24 | 12371.00 | 1341135.50 | 1353506.50 | 1340674.50 | **12832.00** |

**नोट :- ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2022 से 31.03.2023 का अंकेक्षण जिला पंचायत अधिकारी, कार्यालय हमीरपुर द्वारा ऑनलाइन कर लिया गया था जिसके कारण अवधि 01/04/2022 से 31.03.2023 का अंकेक्षण ऑफलाइन नहीं किया गया । अवधि 01/04/23 से 31/03/24 तक के 15वें वितायोग के अनुदानों का ऑनलाइन अंकेक्षण ऑफलाइन अंकेक्षण के साथ कर लिया गया है, जिससे संबन्धित वित्तीय स्थिति निम्न तालिकानुसार है ।**

| **15वां वितायोग शीर्ष(Online) की वित्तीय स्थिति दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्रम संख्या** | **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष** | **आय ब्याज सहित** | **कुल योग** | **व्यय** | **अंतिम शेष** |
| 1 | 2022-23 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | **0.00** |
| 2 | 2023-24 | 1716286.00 | 332558.00 | 2048844.00 | 1093862.00 | **954982.00** |

**(ग) संकलित वित्तीय स्थिति:-**

ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के संकलित वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| **ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **संकलित वित्तीय स्थिति दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2024 तक** | | | | | | |
| **निधि** | **वित्तीय वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **आय (₹)** | **कुल योग (₹)** | **व्यय (₹)** | **अंत शेष (₹)** |
| स्व: स्त्रोत व अनुदान प्लानिंग | 2022-23 | 990925.27 | 1649503.00 | 2640428.27 | 1574714.40 | 1065713.87 |
| | 2023-24 | 1065713.87 | 1916315.00 | 2982028.87 | 1900299.18 | **1081729.69** |
| 15वें वितायोग शीर्ष | 2023-24 | 1716286.00 | 332558.00 | 2048844.00 | 1093862.00 | **954982.00** |
| अन्य अनुदान | 2022-23 | 0.00 | 1582992.38 | 1582992.38 | 1570621.38 | 12371.00 |
| | 2023-24 | 12371.00 | 1341135.50 | 1353506.50 | 1340674.50 | **12832.00** |
| **संकलित वित्तीय स्थिति का कुल अंतिम शेष (1081729.69+954982.00+12832.00)** | | | | | | **2049543.69** |

**नोट :- 15वें वितायोग के अवधि 04/2023 से 03/2024 तक का अंकेक्षण, ऑडिट ऑनलाइन पोर्टल (auditonline.gov.in) के माध्यम से किया जा चुका है तथा इससे संबन्धित अंकेक्षण आपत्तियाँ भी पोर्टल पर दर्ज की जा चुकी है।**

**(2) दिनांक 31.03.24 को ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर के बैंक शेष का अंतशेष का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्रम संख्या | शीर्ष का नाम | खाता संख्या | खाता नंबर | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्व: स्त्रोत & अनुदान (प्लानिंग) | KCCB Bijhari | 20011007028 | 23335.18 |
| 2 | स्व: स्त्रोत & अनुदान (प्लानिंग) | KCCB Bijhari | 20036003885 | 328331.00 |
| 3 | स्व: स्त्रोत & अनुदान (प्लानिंग) | KCCB Bijhari | 20036004266 | 648225.00 |
| 4 | हरियाली (अंशदान) | PNB Garli | 2248000106068160 | 81838.51 |
| 5 | राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार अभियान | Indusind Hamirpur | 100167369023 | 12832.00 |
| 6 | 15वां वितायोग | Axis Bank Hamirpur | 920010000142702 | 1053585.00 |
| **कुल योग** | | | | **2148146.69** |

**(3) बैंक समाधान विवरणी दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वितीय स्थिति अनुसार :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | स्व: स्त्रोत -दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वितीय स्थिति अनुसार खाता "क" का अंतिम शेष | 1081729.69 |
| 2 | अनुदान दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वितीय स्थिति अनुसार खाता "ख" का अंतिम शेष | 12832.00 |
| 3 | दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वितीय स्थिति अनुसार खाता "क" व "ख" का कुल अंतिम शेष | 1094561.69 |
| 4 | दिनांक 31.03.24 को पंचायत के **बैंक** खातों का कुल अंतिम शेष | 1094561.69 |
| | **अन्तर** | **0.00** |

**5. सावधिक निवेश :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष पंचायत निधि (स्वः-स्रोत) में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 693/2024 दिनाँक 06.01.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में प्रतिउत्तर पत्र संख्या 01 दिनांक 09.01.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि पंचायत का अवधि 04/22 से 03/24 के दौरान सावधि जमा योजना में निवेश शून्य था |

अतः पंचायत सचिव को परामर्श दिया जाता है कि स्वयं स्त्रोत तथा अनुदान से सम्बन्धित रोकड़ बही का नियमानुसार रख-रखाव करके, स्वयं स्त्रोत में आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को सावधि जमा योजना में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्राम पंचायत को ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके तथा निवेश की स्थिति में हि० प्र० प० रा०(वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 12(1) के प्रारूप 1 में निर्धारित निवेश रजिस्टर का रख रखाव भी किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।

**6. अनुदान**

**6.1 अनुदान राशि ₹0.13 लाख का उपयोग न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली, 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिंग एजेन्सी की अपेक्षाओं व मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 693/2024 दिनाँक 06.01.2025 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **(परिशिष्ट"1")** पर सलंग्न है, के अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में **₹12832/-** की राशि उपयोग हेतू शेष थी जिससे स्पष्ट है कि विभिन अनुदान शीर्षों के अंतर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 693/2024 दिनाँक 06.01.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर संख्या 01 दिनांक 09.01.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः शेष अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए नियमानुसार उक्त शेष राशि को निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाये, तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**6.2 अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान,व भत्ते) नियम 2002 के नियम 88 के अनुसार पंचायत को दिए गए अनुदानों का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जा सकता है, जिसके लिए अनुदान मंजूर किए गए हैं एवं उस अधिकारी को जिसने अनुदान मंजूर किए हैं, को उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है|

इस सन्दर्भ मे जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 693/2024 दिनाँक 06.01.2025 के प्रतिउत्तर की अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र संख्या 01 दिनांक 09.01.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि विभिन्न अनुदानों के व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण में जाँच हेतू प्रस्तुत कर दिए जाएंगे।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना से शीघ्र अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**6.3 अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न करवाना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान,व भत्ते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार सचिव, ग्राम पंचायत अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु जिम्मेवार है तथा सचिव, पंचायती राज विभाग, हि०प्र० शिमला-9 के पत्र संख्या पीसीएच –एच ए (5)सी (15)313/89-4614 -4787 दिनांक 25.04.2007 के अन्तर्गत जारी दिशा निर्देशानुसार ग्राम

पंचायतों को सम्बन्धित विकास खण्ड अधिकारी व अन्य स्वीकृति एजेन्सी विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्रदान की गई राशियों के स्वीकृति पत्र उपलब्ध करवाएगी ताकि अंकेक्षण के समय सुनिश्चित कर सके कि धन राशि सम्बन्धित स्कीम पर ही खर्च की जा रही है। किन्तु अंकेक्षण के दौरान अनुदान आदेश/स्वीकृति पत्र अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत नहीं किये गए।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 693/2024 दिनाँक 06.01.2025 द्वारा मांगी गई सूचना के प्रतिउत्तर में पत्र संख्या 01 दिनांक 09.01.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त किए गए अनुदानों के आदेश / स्वीकृति पत्र पंचायत में प्राप्त नही हुए हैं तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरांत मौखिक रूप में अनुदानों के प्रयोजन बारे सूचित किया जाता है। यह एक अनुचित प्रक्रिया है क्योंकि लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता|

अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सका कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उद्देश्य / कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे एवं प्राप्त अनुदान राशि सम्बन्धित स्कीम पर खर्च की गई थी अथवा नहीं ?

उक्त आदेश / स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त करके अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यह प्रकरण उक्त दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करवाने हेतु विभागीय उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ लाया जाता है।

## 7. पंचायत राजस्व

### 7.1 पंचायत का गृहकर/ सम्पत्ति कर वसूली हेतु शेष :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत को गृहकर/ सम्पत्ति कर की वसूली करना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 693/2024 दिनाँक 06.01.2025 के क्रम संख्या 7 के प्रतिउत्तर में सलंग्न **(परिशिष्ट "2")** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना का अवलोकन करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान गृहकर की देय राशि की वसूली हेतु शेष नहीं थी, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | परिवार | गृहकर वार्षिक दर (₹) | मांग (₹) | योग (₹) | प्राप्ति (₹) | वसूली हेतू शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 0 | 529 | 50 | 26450 | 26450 | 26450 | 0 |
| 2023-24 | 0 | 537 | 50 | 26850 | 26850 | 26850 | 0 |

अत: ग्राम पंचायत द्वारा गृहकर की कोई भी राशि वसूली शेष नहीं थी।

## 8. व्यय

### 8.1 खनन सामग्री आपूर्ति के समर्थन में ट्रांजिट पास फॉर्म प्राप्त किए बिना ₹5.36 लाख का अनियमित भुगतान:-

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास "फार्म डब्ल्यू" या सप्लीमेंटरी पास "फार्म एक्स" उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वित्तीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी के साथ करना होगा। परन्तु निदेशक, पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या एक्स ई.एन. (आर.डी.एवं पी. आर.)-डी.बी. जनरल/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अनुसार माननीय उच्च न्यायालय हि० प्र० की अनुपालना में अब ठेकेदार / विक्रेता से खनन सामग्री की आपूर्ति पर रॉयल्टी की कटौती नहीं की जाएगी तथा भुगतान उनके द्वारा फार्म 'एक्स' या 'डब्ल्यू' प्रस्तुत करने पर ही किया जाएगा।

अंकेक्षण अवधि 04/2022 से 03/2024 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में दौरान पाया गया कि निर्माण सामग्री रेत, बजरी व पत्थर इत्यादि के बिलों के साथ उक्त फार्म सलंग्न नहीं थे। परिणामस्वरुप आपूर्तिकर्ताओं को **परिशिष्ट "3"** अनुसार राशि **₹536488.00** का अनियमित भुगतान किया गया था।

इस वित्तीय अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 700/2024 दिनांक 08/01/2025 के प्रत्युत्तर में पत्र संख्या 03 दिनांक 09.01.2025 द्वारा अंकेक्षण में स्पष्ट किया गया कि नियमों की जानकारी न होने के कारण उक्त ट्रांजिट पास फार्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फार्म एक्स सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता से नहीं लिए गए हैं, जिन्हें भविष्य में नियमानुसार लेकर ही भुगतान किया जाएगा | उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि ट्रांजिट पास की अनुपस्थिति में आपूर्तिकर्ता को किया गया सम्पूर्ण भुगतान नियमों के विपरीत एवं अनियमित प्रतीत होता है |

अत: राशि ₹**536488.00** के अनियमित भुगतान को या तो नियम, निर्देशों अनुसार समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाए अथवा इस प्रकरण को सम्बंधित जिला खनन अधिकारी से उठाते हुये तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.1 पत्थर की खरीद में रिक्तियां (voids) की कटौती न करने के कारण ₹0.02 लाख का अधिक भुगतान करना:-**

हिमाचल प्रदेश पब्लिक वर्क्स स्पेसिफिकेशन पैरा (2.1.2.13) के अनुसार बजरी की आपूर्ति पर 6 एम.एम. से लेकर 20 एम.एम. तक 5% व 25 एम.एम. से लेकर 40 एम.एम. तक 10% तथा पत्थरों की आपूर्ति पर 63 एम.एम. से लेकर 75 एम.एम. तक 12.5% की दर से रिक्तियों (Voids) की कटौती उपरान्त भुगतान किया जाना अपेक्षित है |

ग्राम पंचायत के अंकेक्षण अवधि 04/22 से 03/24 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा पत्थरों (stones) की खरीद हेतु सलंग्न **परिशिष्ट-4 अनुसार** राशि **₹17584/-** का कुल भुगतान किया गया था, लेकिन आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करने से पूर्व रिक्तियां (Voides ) की कटौती न करने के कारण राशि **₹2198/-** का अधिक भुगतान किया गया था।

ग्राम पंचायत द्वारा अधिक एवं गलत भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 701/2024 दिनांक 08.01.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया, जिसकी अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र 03 दिनांक 08/01/2025 द्वारा स्पष्ट किया कि " उक्त पत्र में वर्णित पत्थर (stone) की खरीद पर ₹2198/- रिक्तियों (voids) की कटौती नहीं की गई है, लेकिन संबन्धित से वसूली करके आगामी अंकेक्षण में अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: अंकेक्षण को दिये गये आश्वासन के दृष्टिगत उक्त रिक्तियां (voids) की कटौती न करने के कारण अधिक भुगतान राशि के जमा व इन्द्राज सम्बन्धी अभिलेख से अंकेक्षण को शीघ्र अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा ऐसे मामलों की पुनरावृति पर अंकुश लगाने हेतु निर्माण कार्यों सम्बन्धी अभिलेख की नियमानुसार उच्च तकनीकी अधिकारियों की नमूना जांच एवं सत्यापन उपरान्त ही भुगतान किये जाने सुनिश्चित किये जाएँ।

**9.2 औपचारिकताएं पूर्ण किए बिना राशि ₹0.25 लाख की निर्माण सामग्री का क्रय करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्, बजट, लेखे, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) द्वारा स्टॉक / स्टोर का क्रय करने की औपचारिकताएं प्रावधित हैं |

अंकेक्षण अवधि 04/22 से 03/24 हेतु चयनित मास 11/2022 व 07/2023 में सलंग्न **(परिशिष्ट "5")** अनुसार पंचायत द्वारा राशि **₹24610/-** की सामग्री का क्रय निविदाएँ (Quotations) आमंत्रित किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है

इस अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 703/2024 दिनांक 08.01.25 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 03 दिनांक 08.01.2025 द्वारा स्पष्ट किया कि "उक्त पत्र में वर्णित **₹24610/**-की औपचारिकताएं पूर्ण करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जायेगी"। प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः औपचारिकताओं को पूर्ण न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इस अनियमितता को सक्षम अधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये व भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुए नियमानुसार ही स्टोर/स्टॉक का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**9.3 राशि ₹3.24 लाख के व्यय हेतु प्रस्ताव, प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति प्रस्तुत न करने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम, 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को पंचायत लेखों से सम्बन्धित उपयुक्त अभिलेख प्रस्तुत करना अपेक्षित है|

अंकेक्षण के दौरान पंचायत सचिव से निम्न निर्माण कार्यों के प्रस्ताव, प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति की मांग करने पर भी उपयुक्त अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। फलस्वरूप कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका :-

| क्रम संख्या | शीर्ष का नाम | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | own sources & GIA Planning | C/o path from main road to house of sanjeev kumar | 255200.00 |
| 2 | own sources & GIA Planning | C/o path from shamshan ghat to vill batiana | 68600.00 |
| **Total** | | | **323800.00** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 704/2024 दिनांक 08/01/2025 द्वारा उक्त कार्यों से सम्बन्धित अभिलेख जैसे कि प्रस्ताव संख्या, प्राक्कलन, तकनीकी व प्रशासनिक स्वीकृति को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने की मांग के प्रत्युत्तर में पत्र संख्या 03 दिनांक 09.01.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त पत्र में वर्णित कार्यों से सम्बन्धित अभिलेख को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा | वांछित अभिलेख अन्केक्षणार्थ प्रस्तुत न करना स्वत: आपतिजनक है क्योंकि

नियमानुसार अंकेक्षण में अभिलेख प्रस्तुत न करने से कृत व्यय की सत्यता की अंकेक्षण में पुष्टि नहीं की जा सकी।

अतः अपेक्षित अभिलेख शीघ्र अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किए जायें।

**10 विहित रजिस्टरों का रख-रखाव न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 से 31 व हि०प्र० पंचायती राज (सामान्य) नियम 1997 के अंतर्गत प्रावधित महत्वपूर्ण अभिलेख / रजिस्टरों का रख-रखाव करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न अभिलेख/रजिस्टरों का रख-रखाव नहीं किया गया था, इस प्रकार लेखांकन प्रक्रिया में पूर्णता एवं पारदर्शिता के अभाव में किसी भी स्तर पर धन, सामग्री के रिसन (leakage) दुर्विनियोजन इत्यादि की सम्भावना से अंकेक्षण में इनकार नहीं किया जा सकता है :-

| क्रम संख्या | रजिस्टर / अभिलेख | प्रारूप | संदर्भित नियम |
|---|---|---|---|
| 1 | अस्थाई अग्रिम रजिस्टर | 9 | 30 |
| 2 | मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर | 10 | 33 |
| 3 | डाक टिकट रजिस्टर | 24 | 61(2) |
| 4 | बजट प्राकलन | 11 | 37 |
| 5 | स्थाई एवं अस्थाई भण्डार रजिस्टर | 25 व 26 | 72(1)(a)(b) |
| 6 | लेखन सामग्री रजिस्टर | 28 | 72(1) (d) |
| 7 | गत अंकेक्षण प्रतिवेदनो से सम्बंधित अभिलेख का रख रखाव न करना | 30 | 89 |
| 8 | निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति का रजिस्टर | 31 | 95(1) |
| **हि० प्र० पंचायती राज (सामान्य )नियम 1997** | | | |
| 01 | रसीद बुक स्टॉक रजिस्टर | 2 | 34 |
| 02 | विकास कार्य निष्पादन रजिस्टर | 7 | 34 |
| 03 | अनुदान रजिस्टर | 8 | 34 |
| 03 | अचल संपत्ति रजिस्टर | 11 | 34 |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 694/2024 दिनांक 06.01.2025 द्वारा पंचायत को इस बारे अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउतर में सचिव द्वारा अपने पत्र 02 दिनांक 09.01.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि पंचायत द्वारा इन रजिस्टरों / अभिलेखों का रख-रखाव नहीं किया जा रहा है, लेकिन भविष्य में सभी रजिस्टरों को बना लिया जाएगा और अंकेक्षण को भी अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः अंकेक्षण को किये आश्वासन के दृष्टिगत प्राथमिकता के आधार पर सभी रजिस्टरों को नियानुसार संधारित करना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए |

11 **भण्डार का प्रत्यक्ष सत्यापन न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 73 के अंतर्गत पंचायत के स्टोर/स्टॉक का प्रत्येक 6 माह बाद प्रत्यक्ष सत्यापन किया जाना अपेक्षित है |

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा भण्डार का नियमानुसार प्रत्यक्ष सत्यापन अंकेक्षण अवधि में एक बार भी नहीं किया गया था, जिसके बिना वाउचर/बिल के तहत खरीदी गई सामग्री की भौतिक रूप में उपलब्धता एवं उसकी वर्तमान स्थिति का पता नहीं लगाया जा सका।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 693/2024 दिनांक 06.01.2025 के क्रम संख्या 10 की अनुपालना में पत्र संख्या 03 दिनांक 09.01.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि अंकेक्षण अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 तक स्टोर / स्टॉक का भौतिक सत्यापन ग्राम पंचायत द्वारा नहीं करवाया गया है जिसे भविष्य में नियमानुसार सत्यापित करवा लिया जायेगा। प्रस्तुत उतर तथ्य रहित होने के कारण मान्य नहीं है क्योंकि गत अवधि में क्रय किये गए स्टोर / स्टॉक के भौतिक सत्यापन के अभाव में उसके दुरूपयोग से इनकार नहीं किया जा सकता।

अतः इस सन्दर्भ में आपको परामर्श दिया जाता है कि नियमानुसार इस सन्दर्भ में अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाकर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

12 **लघु आपत्ति विवरणिका:-** इसे अलग से जारी नहीं किया गया है, अपितु समय-2 पर चर्चा के दौरान सभी पहलुओं/नियम प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुये छोटी -2 आपत्तियों का अंकेक्षण के दौरान ही निपटारा कर दिया गया।

13 **निष्कर्ष:**- लेखों में सुधार और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

(श्रीराम सुनील)
सहायक निदेशक
हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग
शिमला–171009
फोन नं0 0177–2620046

का0/प्रति

02 APR 2025

पृष्ठांकन संख्याः– फिन (एल0ए0) एच (पंच) (15)(6)120/2025 खण्ड–1 –1917–1921 दिनांक शिमला–09

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1 निदेशक, पंचायती राज विभाग हि0प्र0, कसुम्पटी, शिमला–171009 को पैरा संख्या 1 (ख) में वर्णित अनियमितताओं पर सभी सम्बन्धित को एक माह के भीतर सभी सम्बन्धित को एक माह के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करने हेतु प्रेषित है।

2 उप सचिव एवं समिति अधिकारी स्थानीय निधि लेखा समिति हि0प्र0 विधानसभा शिमला–4 को सूचनार्थ प्रेषित है।

3 जिला पंचायत अधिकारी, हमीरपुर, जिला हमीरपुर, हि0प्र0।

4 खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड बिझडी, जिला हमीरपुर, हि0प्र0।

पंजीकृत 5 सचिव, ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझडी, जिला हमीरपुर हि0प्र0 को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उतर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।

(श्रीराम सुनील)
सहायक निदेशक
हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग
शिमला–171009
फोन नं0 0177–2620046

का0/प्रति

| परिशिष्ट 1 पैरा संख्या 4.1 में संदर्भित |
|---|
| ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश |
| वित्तीय स्थिति दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2024 तक |

स्व: स्त्रोत व अनुदान :-

| क्रम संख्या | वर्ष | प्रारम्भिक शेष | आय ब्याज सहित | कुल योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022-23 | 990925.27 | 1649503.00 | 2640428.27 | 1574714.40 | 1065713.87 |
| 2 | 2023-24 | 1065713.87 | 1916315.00 | 2982028.87 | 1900299.18 | **1081729.69** |

अनुदान :-

| क्रम संख्या | वर्ष | प्रारम्भिक शेष | आय ब्याज सहित | कुल योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022-23 | 0.00 | 1582992.38 | 1582992.38 | 1570621.38 | 12371.00 |
| 2 | 2023-24 | 12371.00 | 1341135.50 | 1353506.50 | 1340674.50 | **12832.00** |

संकलित वित्तीय स्थिति :-

| क्रम संख्या | वर्ष | प्रारम्भिक शेष | आय ब्याज सहित | कुल योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022-23 | 990925.27 | 3232495.38 | 4223420.65 | 3145335.78 | 1078084.87 |
| 2 | 2023-24 | 1078084.87 | 3257450.50 | 4335535.37 | 3240973.68 | **1094561.69** |

| **Diff** | **0.00** |
|---|---|

| ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्व: स्त्रोत व अनुदान (प्लानिंग) (Offline) शीर्ष की वित्तीय स्थिति दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2024 तक | | | | | | |
| **क्रम संख्या** | **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष** | **आय ब्याज सहित** | **कुल योग** | **व्यय** | **अंतिम शेष** |
| 1 | 2022-23 | 990925.27 | 1649503.00 | 2640428.27 | 1574714.40 | 1065713.87 |
| 2 | 2023-24 | 1065713.87 | 1916315.00 | 2982028.87 | 1900299.18 | **1081729.69** |

| स्वच्छ भारत मिशन (पीएफ़एमएस)(Offline) की वित्तीय स्थिति दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2024 तक | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | वर्ष | प्रारम्भिक शेष | आय ब्याज सहित | कुल योग | व्यय | अंतिम शेष |
| 1 | 2022-23 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | 2023-24 | 0.00 | 36000.00 | 36000.00 | 36000.00 | **0.00** |

| राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार अभियान (आरजीएसए)(Offline) की वित्तीय स्थिति दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2024 तक | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | वर्ष | प्रारम्भिक शेष | आय ब्याज सहित | कुल योग | व्यय | अंतिम शेष |
| 1 | 2022-23 | 0.00 | 512371.00 | 512371.00 | 500000.00 | 12371.00 |
| 2 | 2023-24 | 12371.00 | 461.00 | 12832.00 | 0.00 | **12832.00** |

| मनरेगा (Online) की वित्तीय स्थिति दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2024 तक | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्रम संख्या** | **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष** | **आय ब्याज सहित** | **कुल योग** | **व्यय** | **अंतिम शेष** |
| 1 | 2022-23 | 0.00 | 1070621.38 | 1070621.38 | 1070621.38 | 0.00 |
| 2 | 2023-24 | 0.00 | 1304674.50 | 1304674.50 | 1304674.50 | **0.00** |

परिशिष्ट '2' पैरा संख्या 7.1 में संदर्भित

| ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खंड बिझड़ी, जिला हमीरपुर | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2024 तक गृह कर की वसूली हेतु शेष राशि का विवरण :- | | | | | | | |
| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | परिवार | गृहकर वार्षिक दर | मांग (₹) | योग (₹) | प्राप्ति (₹) | वसूली हेतू शेष राशि (₹) |
| 2022-23 | 0 | 529 | 50 | 26450 | 26450 | 26450 | 0 |
| 2023-24 | 0 | 537 | 50 | 26850 | 26850 | 26850 | 0 |

पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत घंगोट कलां वि० ख०
बिझड़ी जिला हमीरपुर हि० प्र०

परिशिष्ट 'ड' पैरा संख्या 8.1 में संदर्भित

ग्राम पंचायत धंगोट कलां, विकास खंड बिझड़ी, जिला हमीरपुर

आपूर्तिकर्ताओं से क्रय की गई निर्माण सामग्री के ट्रांजिट फॉर्म प्राप्त किये बिना भुगतान करने वारे
(01.04.2022 से 31.03.2024)

| Ser No | SCHEME | NAME OF WORK | VOUCHE No | NAME OF VENDER | MATERIALS | Qty | TOTAL (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MNREGA | C/o Protection wall in the L/o Sumna Devi w/o Pawan kumar vill Ghangotkalan | 1778 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | Sand<br>Aggrigate | 175 cft<br>195 | 7700.00<br>7800.00 |
| 2 | MNREGA | C/o R wall in the L/o Jaswant Singh s/o Peeru Ram Ghangotkalan | 1774 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | Sand<br>Aggrigate | 147 cft<br>200 cft | 5880.00<br>8000.00 |
| 3 | MNREGA | C/o R wall in the L/o Tilak Singh s/o Hardev Singh Ghangotkalan | 50 | Rakesh Kumar s/o Hakam Singh Ghangot | Sand | 200 cft | 8000.00 |
| 4 | MNREGA | C/o R wall in the L/o Tilak Singh s/o Hardev Singh Ghangotkalan | 137 | Rinku S/o Dhian Singh Vill Gutiana P.o Ghangot The . Barsar Distt. Hamirpur | Aggrigate | 200 cft | 8000.00 |
| 5 | MNREGA | C/o R wall in the L/o Raftar Singh s/o Hardev Singh Ghangotkalan | 136 | Rinku S/o Dhian Singh Vill Gutiana P.o Ghangot The . Barsar Distt. Hamirpur | Aggrigate<br>Sand | 190 cft<br>190 cft | 7600.00<br>7600.00 |
| 6 | MNREGA | C/o R.wall in the L/o Simro devi w/o Amarnath vill Baddu | 49 | Rakesh Kumar s/o Hakam Singh v.p.o Ghangot The Barsar distt. Hamirpur | Aggrigate<br>Sand | 160 cft<br>160 cft | 6400.00<br>6400.00 |
| 7 | MNREGA | C/o RwH tank in the L/o Jasbir Singh s/o Sansar Singh Ghangotkallan | 134 | Rinku S/o Dhian Singh Vill Gutiana P.o Ghangot The . Barsar Distt. Hamirpur | Aggrigate | 305 cft | 12500.00 |
| 8 | MNREGA | C/o RwH tank in the L/o Ram Pyari w/o Balbir Singh Ghangotkallan | 135 | Rinku S/o Dhian Singh Vill Gutiana P.o Ghangot The . Barsar Distt. Hamirpur | Aggrigate | 265 cft | 10600.00 |
| 9 | MNREGA | C/o RwH tank in the L/o Jasbir Singh s/o Sansar Singh Ghangotkallan | 47 | Rakesh Kumar s/o Hakam Singh v.p.o Ghangot The Barsar distt. Hamirpur | Sand | 305 cft | 12200.00 |
| 10 | MNREGA | C/o RwH tank in the L/o Ram Pyari w/o Balbir Singh Ghangotkallan | 48 | Rakesh Kumar s/o Hakam Singh v.p.o Ghangot The Barsar distt. Hamirpur | Sand | 300 cft | 12000.00 |
| 11 | MNREGA | C/o Land Cons work in the L/o Om Parkash s/o Shiv Ram Rappar | 364 | Sunil Sharma s/o Purshotam Chand vill Chhaproh P.o Harsour The Barsar Distt. Hamirpur | Aggrigate<br>Sand | 167 cft<br>167 cft | 6680.00<br>6680.00 |
| 12 | MNREGA | C/o Protection wall Urmila Devi w/o Balwant singh vill Ghangot | 1891 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | Aggrigate<br>Sand | 180 cft<br>112 cft | 7200.00<br>4928.00 |
| 13 | MNREGA | C/o R wall in the L/o Bhagirath s/o Thakuria Ram Ghangot | 1889 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | Aggrigate<br>Sand | 200 cft<br>151.45 cft | 8000.00<br>6664.00 |
| 14 | MNREGA | C/o Protection wall GPS Ghangotkalan | 6 | Vinay Kumar SO Nikka Ram VPO Chakmoh | Sand<br>Aggrigate | 400 CFT<br>724 CFT | 16800.00<br>28960.00 |
| 15 | MNREGA | C/o Protection wall Om Parakash s/o Shiv Ram Rappar | 27 | SURINDER SINGH Vill Ghumarwin P.o Baliah The. Barsar Distt. Hamirpur | Sand<br>Aggrigate | 135.45 CFT<br>250 CFT | 5960.00<br>10000.00 |
| 16 | MNREGA | C/oProtection wall in L/o Tilak Singh s/o Hardev Singh vill Ghangotkalan | 61 | Vinay Kumar SO Nikka Ram VPO Chakmoh | Sand<br>Aggrigate | 173.80 CFT<br>220 CFT | 7300.00<br>8800.00 |
| 17 | MNREGA | C/o Protection wall in L/o Raftar Singh s/o Hardev Singh Ghangotkalan | 8 | Vinay Kumar SO Nikka Ram VPO Chakmoh | Sand<br>Aggrigate | 152.38 CFT<br>240 CFT | 6400.00<br>9600.00 |
| 18 | MNREGA | C/o Protection wall in the L/o Amarnath s/o Rattan chand Rappar | 28 | SURINDER SINGH Vill Ghumarwin P.o Baliah The. Barsar Distt. Hamirpur | Sand<br>Aggrigate | 119.54 CFT<br>250 CFT | 5260.00<br>10000.00 |
| 19 | MNREGA | C/o Community well in the L/o Vikram Singh w no 5 vill Ghangotkalan catch the rain | 9 | Vinay Kumar SO Nikka Ram VPO Chakmoh | Aggrigate | 50 CFT | 2000.00 |
| 20 | MNREGA | C/o P wall in the L/o Kuldeep Singh s/o Rosan Lal Gutiana | 202 | Sunil Sharma s/o Purshotam Chand vill Chhaproh P.o Harsour The Barsar Distt. | Sand<br>Aggrigate | 190 CFT<br>200 CFT | 8360.00<br>8000.00 |
| 21 | MNREGA | C/o Protection Wall in L/o Tilak Raj s/o Jagat Ram Batiana | 3 | Dinesh Kumar Vill Ghatapanga P.O Ghangot The. Barsar Distt. Hamirpur | Sand<br>Aggrigate | 190 CFT<br>210 CFT | 8360.00<br>8400.00 |
| 22 | MNREGA | C/o Protection Wall in L/o Udho Ram s/o Lal Chand Ghangotkalan | 1 | Dinesh Kumar Vill Ghatapanga P.O Ghangot The. Barsar Distt. Hamirpur | Sand<br>Aggrigate | 165 CFT<br>200 CFT | 7260.00<br>8000.00 |
| 23 | MNREGA | C/o Protection wall Mahinder singh s/o Roop Lal Gutiana | 379 | Datyal Building Material Vill Balhi P.O Bairi The. Barsar Distt. Hamirpur | Sand<br>Aggrigate | 172 CFT<br>210 CFT | 7568.00<br>8400.00 |
| 25 | MNREGA | C/o Protection wall in L/o Rabel Singh s/o Babu Ram vill Ghangot | 1893 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | Sand<br>Aggrigate | 162 CFT<br>200 CFT | 6804.00<br>8000.00 |
| 26 | MNREGA | C/o Protection wall in L/o Nirmal Singh S/o Babu Ram Vill Ghangot | 2159 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | Sand<br>Aggrigate | 186 CFT<br>200CFT | 7812.00<br>8000.00 |
| 27 | MNREGA | C/o Protection Wall in L/o Rakesh Kumar s/o Rosan Lal Gutiana | 204 | Sunil Sharma s/o Purshotam Chand vill Chhaproh P.o Harsour The Barsar Distt. | Sand<br>Aggrigate | 175 CFT<br>210CFT | 7700.00<br>8400.00 |
| 28 | MNREGA | C/o Protection wall in L/o Devinder Singh s/o Anant Ram vill Ghangot | 6 | Dinesh Kumar Vill Ghatapanga P.O Ghangot The. Barsar Distt. Hamirpur | Sand<br>Aggrigate | 168 CFT<br>210CFT | 7392.00<br>8400.00 |
| 29 | MNREGA | C/o Protection Wall in L/o Randeep Singh s/o Budhi Singh vill Ghangot | 5 | Dinesh Kumar Vill Ghatapanga P.O Ghangot The. Barsar Distt. Hamirpur | Sand<br>Aggrigate | 176 CFT<br>230CFT | 7744.00<br>9200.00 |
| 30 | MNREGA | C/o Protection wall Umesh kumari w/o Narpal Singh vill Ghangot | 2162 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | Sand<br>Aggrigate | 173 CFT<br>210CFT | 7266.00<br>8400.00 |
| 31 | GIA Planning | C/o Sampark marg main road to sanjeev kumar house vill batiana | 62 | Vinay Kumar SO Nikka Ram VPO Chakmoh | Aggrigate<br>Sand | 500 CFT<br>430 CFT | 20000<br>18060 |
| 32 | GIA Planning | C/o Sampark marg main road to sanjeev kumar house vill batiana | 2399 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | <br>Aggrigate | 220 CFT<br>223.50 CFT | <br>8940.00 |

ग्राम पंचायत धंगोट कलां विकास खंड बिझड़ी जिला हमीरपुर (हि० प्र०)

18

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | house vill batiana | | The. Bangana Distt. Una | Sand | 200 CFT | 8400.00 |
| 33 | GIA Planning | C/o Sampark marg main road to sanjeev kumar house vill batiana | 2457 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | Aggrigate<br>sand<br>boulder | 164 CFT<br>70 CFT<br>250 CFT | 6560<br>2940.00<br>7000.00 |
| 34 | GIA Planning | C/O Path with pully near the shamshanghat vill baddu | 413 | Sunil Sharma s/o Purshotam Chand vill Chhaproh P.o Harsour The Barsar Distt. Hamirpur | Aggrigate<br>Sand | 400 CFT<br>111.54 | 16000<br>4908.00 |
| 35 | 15th FC | Add. Amt Toilet anganwari Vill Gutiana | 2263 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | Aggrigate<br>Sand | 22 CFT<br>32.27 CFT | 880<br>1420.00 |
| 36 | 15th FC | R/o Community Toilet Vill Baddu | 2189 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | Sand | 34 CFT | 1490.00 |
| 37 | | C/o Shok Pit Gawla Vass | 2266 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | Aggrigate<br>Sand | 170 CFT<br>86.23 CFT | 10422.00 |
| 38 | 15th FC | C/o Well Vill Ghangotkalan Ward n05 | 4 | Vinay Kumar SO Nikka Ram VPO Chakmoh | Aggrigate<br>Sand | 50 CFT<br>200 CFT | 10800.00 |
| 39 | | C/o Well Vill Ghangotkalan Ward n05 | 5 | Vinay Kumar SO Nikka Ram VPO Chakmoh | Aggrigate<br>Sand | 85 CFT<br>70 CFT | 6340.00 |
| 40 | 15th FC | C/o Well Vill Ghangotkalan Ward n06 | 2458 | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | Aggrigate<br>Sand | 30 CFT<br>15 CFT | 1850.00 |
| 41 | 15th FC | C/o Path Shamshanghat to Vill Gutiana | 417 | Sunil Sharma s/o Purshotam Chand vill Chhaproh P.o Harsour The Barsar Distt. Hamirpur | Aggrigate<br>sand<br>boulder | 348 CFT<br>184 CFT<br>78 CFT | 22016.00<br>2184.00 |
| 42 | 15th FC | C/o Path boudi to Vill Ghangot uperla vass | 104 | Vinay Kumar SO Nikka Ram VPO Chakmoh | Aggrigate<br>Sand | 200 CFT<br>200 CFT | 16400.00 |
| | | **Total** | | | | | **536488.00** |

बिझड़ी जिला हमीरपुर हि० प्र०

परिशिष्ट '4' पैरा संख्या 9.1 में सदर्भित



| ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खंड बिझड़ी, जिला हमीरपुर | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पत्थर की खरीद में रिक्तियों (voids) की कटौती न करने बारे | | | | | | | | |
| क्रम संख्या | शीर्ष का नाम | कार्य का नाम | फार्म का नाम एवं पता | सामान का विवरण | मात्रा वर्ग मीटर / वर्ग फीट | कुल भुगतान (₹) | कटौती दर % | रिक्तियां (Voids)(₹) |
| 1 | GIA Planning | C/o Sampark marg main road to sanjeev kumar house vill batiana | Ridhima TilesVill Amrera P.O Malanger The. Bangana Distt. Una | boulder | 470 CFT | 13160.00 | 12.5 | 1645.00 |
| 2 | GIA Planning | C/o Path boudi to Vill Ghangot uperla vass | Vinay Kumar SO Nikka Ram VPO Chakmoh | boulder | 78 CFT | 2184.00 | 12.5 | 273.00 |
| 3 | GIA Planning | C/o Path from shamshan ghat to vill ghutiana | sunil sharma vill chhareroh po harshor, barsar | boulder | 80 CFT | 2240.00 | 12.5 | 280.00 |
| Total | | | | | | 17584 | 12.5 | 2198.00 |

पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत घंगोट कलां वि० खण्ड
बिझड़ी जिला हमीरपुर हि० प्र०

20

(19)

| परिशिष्ट 5 पैरा संख्या 9.2 में संदर्भित | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्राम पंचायत घंगोट कलां, विकास खंड बिझड़ी, जिला हमीरपुर | | | | | | |
| औपचारिकताएं पूर्ण किए विना किया गया क्रय | | | | | | |
| क्रम संख्या | शीर्ष का नाम | कार्य का नाम | बिल संख्या व दिनांक | फर्म का नाम व पता | क्रय किए गए सामान का विवरण | राशि (₹) |
| 1 | own sources & GIA Planning | office exp | 65 | Sunil Gen store, ghangot kalan, barsar | Refreshment | 3630.00 |
| 2 | own sources & GIA Planning | Misc exp | 333 | Lucky Hardware store, Harsour, barsar | Lime | 9280.00 |
| 3 | own sources & GIA Planning | office exp | 87 | Sunil Gen store, ghangot kalan, barsar | Refreshment | 5760.00 |
| 4 | own sources & GIA Planning | office exp | 78 | Sunil Gen store, ghangot kalan, barsar | Refreshment | 5940.00 |
| Total | | | | | | 24610.00 |

पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत घंगोट कलां वि० खण्ड
बिझड़ी जिला हमीरपुर हि० प्र०

21